**दिनांक : 18/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- 43 साल बाद नॉर्वे पहुंचने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बनेंगे नरेंद्र मोदी, कल होगा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन।
- स्वीडन के सर्वोच्च श्रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टारश् से नवाजे गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।
- देवास पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में लापरवाही भारी पड़ी, एसडीओपी, एसडीएम समेत चार अधिकारी निलंबित।
- प्रदेश में गर्मी का कहर, राजगढ़ में पारा 45 डिग्री, मौसम विभाग ने जारी किया 28 जिलों में लू का अलर्ट।

अब समाचार विस्तार सेः-

पीएम मोदी- नॉर्वे

पांच देशों की यात्रा के चैथे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नॉर्वे पहुंचेंगे। 43 साल में यह पहला मौका है जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री नॉर्वे की यात्रा पर जा रहे हैं। वे नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम से मिलेंगे और प्रधानमंत्री जोनास स्टोरे के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। कल तीसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन होगा जिसमें पांच नॉर्डिक देशों के प्रमुख शामिल होंगे। ग्रीन एनर्जी, समुद्री अर्थव्यवस्था, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं कल श्री मोदी ने गोथेनबर्ग में स्वीडन की बड़ी कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। उन्होंने कंपनियों से मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में भारत में निवेश बढ़ाने की अपील की।

पीएम-स्वीडन सर्वोच्च सम्मान

स्वीडन यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वहां के प्रतिष्ठित रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार के कमांडर ग्रैंड क्रॉस सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान आमतौर पर राष्ट्राध्यक्षों को कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में योगदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान के साथ श्री मोदी को अब तक दुनिया के अलग-अलग देशों से कुल 31 अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं।

हाईकोर्ट की डिजिटल क्रांति- जबलपुर

जबलपुर में कल हाईकोर्ट के कई डिजिटल प्लेटफॉर्म एक साथ लॉन्च किए गए। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने इस पहल की तारीफ करते हुए कहा कि यह व्यवस्था पूरे देश में लागू होनी चाहिए। अब कोर्ट की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग, ऑर्डर की डिजिटल कॉपी और कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया ऑनलाइन हो सकेगी। एआई से लैस प्रथम सिस्टम और संकेत वाणी ऐप भी लॉन्च हुई, जो सुनने और बोलने में अक्षम लोगों की मदद करेगी।

सूर्य घर योजना - चैटबॉट लॉन्च

प्रदेश में आज पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए वाट्सएप चैटबॉट लॉन्च किया जाएगा। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10 बजे यह कार्यक्रम होगा। इस चैटबॉट से लोग घर बैठे सोलर पैनल लगवाने की पूरी जानकारी और आवेदन प्रक्रिया समझ सकेंगे।

बीजेपी प्रशिक्षण कार्यक्रम, रायसेन - केंद्रीय कृषि मंत्री

रायसेन में बीजेपी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कल खत्म हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होते हैं। वहीं विदिशा में श्री चौहान ने कैंसर मरीजों के लिए एक बड़ी घोषणा भी की।

भोजशाला-मां वाग्देवी की स्थापना

धार की भोजशाला में कल सुबह मां वाग्देवी की प्रतिकृति गर्भगृह में स्थापित की गई। भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण के आदेश के बाद सुबह 6.27 बजे मंत्रोच्चार और हवन के बीच यह पूजन संपन्न हुई। 15 मई को हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने भोजशाला को मां वाग्देवी का मंदिर मानते हुए हिंदू पक्ष के हक में फैसला सुनाया था। कोर्ट ने 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया है जिसमें मुस्लिम पक्ष को हर शुक्रवार नमाज की अनुमति दी गई थी।

अच्छी खबर- बैतूल

बैतूल के किसान कमलेश देशमुख ने आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती की तस्वीर बदल दी है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग की योजना का लाभ उठाते हुए उन्होंने खेती को घाटे के काम से निकालकर मुनाफे का व्यवसाय बना दिया है। उनकी यह कामयाबी जिले के दूसरे किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रही है और अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे बैतूल संवाददाता मयंक भार्गव ...

**वीओ-संवाददाता, मयंक भार्गव**

देवास हादसा-अधिकारी सस्पेंड

देवास के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस और राजस्व विभाग के चार अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में तय मात्रा से ज्यादा विस्फोटक सामग्री रखी थी और सुरक्षा के इंतजाम भी कमजोर थे। निलंबित अधिकारियों में एसडीओपी, एसडीएम, नायब तहसीलदार और चैकी प्रभारी शामिल हैं।

राष्ट्रपति - पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 25 मई को राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता करेंगी। इस साल कुल 131 पुरस्कार दिए जाएंगे जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं और 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मान दिया जाएगा। 1954 से शुरू ये पुरस्कार हर साल गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाते हैं और देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में गिने जाते हैं।

भारतीय नौसेना -नौकायन केंद्र, भोपाल

भारतीय नौसेना ने भोपाल की अपर झील में अपना नौकायन केंद्र शुरू किया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कल इसका उद्घाटन किया। यह केंद्र नौसेना के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स को भी रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग का प्रशिक्षण देगा।

भारत - खिलौना हब

5 साल पहले शुरू हुई नेशनल एक्शन प्लान फॉर टॉयज योजना आज रंग लाने लगी है। देश में खिलौनों का उत्पादन बढ़ा है और चीन से आयात में काफी कमी आई है। विदेशी खिलौनों पर आयात शुल्क 20 से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने का असर साफ दिख रहा है। आईएसआई मार्क अनिवार्य होने से बाजार में घटिया और असुरक्षित खिलौनों पर भी लगाम लगी है।

नूरजहां आम- आलीराजपुर

आलीराजपुर के कट्ठीवाड़ा में उगने वाला नूरजहां आम अपने विशाल आकार की वजह से दुनियाभर में अपनी पहचान बना रहा है यह एक आम का वजन 2 से 5 किलो तक होता है, इसीलिए इसे किंग ऑफ मैंगो कहते हैं। बाजार में इसकी कीमत 1500 से 3000 रुपये प्रति आम तक पहुंच जाती है। पेड़ पर फल कम लगते हैं, इसलिए यह दुर्लभ और महंगा है। 1999 और 2010 में इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल चुका है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का कहर जारी है। कल राजगढ़ में पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, रतलाम, खंडवा समेत 28 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 4 दिनों में तापमान 2 से 3 डिग्री और बढ़ सकता है। लोगों से दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की अपील की गई है।

आईपीएल

आईपीएल में कल दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। दूसरे मैच में आरसीबी धर्मशाला में पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर आईपीएल प्लेऑफ में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बन गई। आज शाम 7.30 बजे चेन्नई में सीएसके और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- खंडडवा में आज मतदाता सूची पुनरीक्षण पर जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक होगी।
- खजुराहो में सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने 50 बिस्तरों वाले आयुष वेलनेस सेंटर और एलीट शिक्षण संस्थान खोलने की घोषणा की।
- भोपाल के जनजातीय संग्रहालय में श्संभावनाश् के तहत कोरकू, बुन्देली और बघेली लोक नृत्य-गायन की रंगारंग प्रस्तुति हुई।
- केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने सागर से टीकमगढ़ का सफर सरकारी काफिले की जगह आम यात्री बस से किया।
- बैतूल में पर्यटन बोर्ड की जनजातीय पर्यटन परियोजना के तहत बज्जरवाड़ा गांव में 3 नए ग्रामीण होमस्टे का उद्घाटन किया गया।
- विदिशा में 59 हजार से अधिक किसानों से 5 लाख 9 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की खरीदी हो चुकी है।

------------